



# अब नहीं चलेगी सिर्फ गुम इंसान की रिपोर्ट, तथ्यों के आधार पर एफआईआर जरूरी

नवभारत न्यूज

**भिंड 24 अगस्त.** पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल की महिला सुरक्षा शाखा के निर्देशों एवं सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के SLP क्रमांक 11263/2025, गणेश विरुद्ध तमिलनाडु राज्य एवं अन्य में पारित निर्णय के आलोक

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण, 51 उपनिरीक्षक-एएसआई ने सीखी कार्रवाई की प्रक्रिया**

**प्रशिक्षण के दौरान सही जवाब देने वाले अधिकारी हुए सम्मानित**

में गुम हुए महिला, पुरुष एवं बच्चों के मामलों में एफआईआर



दर्ज करने तथा आगे की पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं सेमिनार आयोजित किया गया।

एसपी सूरज वर्मा के निर्देशन में आयोजित यह प्रशिक्षण पुलिस कंट्रोल रूम भिंड में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक चला।

### 51 पुलिस अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

सेमिनार में एएसपी प्रदीप पटेल सहित जिले के विभिन्न थानों से करीब 51 उपनिरीक्षक एवं सहायक उपनिरीक्षक, महिला एवं पुरुष पुलिस अधिकारी तथा थाना प्रभारी शामिल हुए। विशेषज्ञ व्याख्यान के लिए जिला न्यायालय भिंड के उप निदेशक अभियोजन अनिल मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने गुम हुए महिला, पुरुष एवं बच्चों से संबंधित मामलों में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप पुलिस द्वारा की जाने वाली अग्रिम कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को गुमशुदगी के मामलों में प्रचलित प्रक्रिया के स्थान पर अपराध की प्रकृति के अनुसार आवश्यक एवं सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया से अवगत कराना था।


**सही जवाब देने वाले पुलिस अधिकारी हुए सम्मानित-** प्रशिक्षण के बाद एसपी सूरज वर्मा की मौजूदगी में संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं कार्रवाई की प्रक्रिया पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इसमें सही जवाब देने वाले महिला एवं पुरुष उपनिरीक्षक तथा एएसआई को एसपी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### व्याख्यान के साथ परिचर्चा और क्विज

प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय के परिपत्र के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों और कार्रवाई से संबंधित विषयों पर चर्चा की। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संवाद, परिचर्चा एवं क्विज का भी आयोजन किया गया। अधिकारियों को बताया गया कि प्रत्येक मामले में केवल गुमशुदगी या गुम इंसान के रूप में प्रकरण दर्ज करने के बजाय घटना की प्रकृति एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी धाराओं में एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**'संदेह की स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों से लें मार्गदर्शन'**

सेमिनार के समापन अवसर पर एसपी सूरज वर्मा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रिया एवं कानूनी प्रावधानों का पुलिस कार्रवाई में विधिवत पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक इंद्रपाल सिंह राठौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी, सहयोगी एवं तकनीकी पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा।



# कलेक्टर की दो टूक-लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज

**भिंड 24 अगस्त.** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, विभिन्न विभागों के लंबित

**कलेक्टर ने बैठक में 50 दिन से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश**

आवेदन एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**संबल योजना के लंबित मामलों का करें शीघ्र निराकरणः** कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

**न्यायालयीन प्रकरणों में लापरवाही पर जिला अधिकारियों की जवाबदेही**

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत नहीं करने अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिला अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

### 50 दिन से ज्यादा लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस

कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का केवल औपचारिक निराकरण न किया जाए, बल्कि आवेदक की संतुष्टि के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। बेहतर एवं संतोषजनक निराकरण करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर ने कुछ विभागों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर एक सप्ताह में लंबित शिकायतों का निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# सोशल मीडिया पर वायरल रिश्वत के वीडियो के बाद पटवारी निलंबित

नवभारत न्यूज

**गोहद 24 अगस्त.** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के मामले में गोहद तहसील की पटवारी पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोहद विकास कैमोर ने पटवारी हल्का चन्हेड़ी की सुश्री चारू शिबहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो संज्ञान में आने के बाद मामले को गंभीरता से लिया गया। वीडियो में पटवारी चारू शिबहरे द्वारा तहसील कार्यालय में रिश्वत लेने संबंधी कृत्य दिखाई देने का उल्लेख आदेश में किया गया है। प्रशासन ने इस मामले में संबंधित पटवारी को पत्र क्रमांक 4415, 13 अगस्त के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

सिविल सेवा नियमों के तहत निलंबन आदेश में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चारू शिबहरे को राजस्व हल्का चम्हेड़ी से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय गोहद निर्धारित किया गया है।

**सोनम भदौरिया को चम्हेड़ी हल्के का अतिरिक्त प्रभार-** प्रशासन ने निलंबन के साथ ही चम्हेड़ी हल्के के कामकाज को प्रभावित होने से बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी कर दी है। आदेश के मुताबिक संतान पालन अवकाश से कार्यस्थल पर उपस्थित हुईं पटवारी श्रीमती सोनम भदौरिया को आगामी अन्य आदेश तक पटवारी हल्का चम्हेड़ी पर अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है।

# वेतन कटौती के विरोध में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का धरना, 3 घंटे चला प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**भिंड 24 अगस्त.** भिंड नगर पालिका में सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने वेतन में हो रही कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिसर में धरने पर बैठे और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता सुनील बाल्मीकि ने किया।

करीब 3 से 4 घंटे चले प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने वेतन से की जा रही कटौती तत्काल बंद करने, वेतन में बढ़ोतरी करने तथा सफाई कार्य के लिए पर्याप्त संसाधन एवं उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की।



**'शहर को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मचारियों की अहम भूमिका'-** सुनील बाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारी सुबह से ही शहर को स्वच्छ रखने के काम में जुट जाते हैं। वे समाज और शहर की गंदगी साफ करने जैसा महत्वपूर्ण कार्य करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके हितों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**'12 हजार वेतन में 3-4 हजार रुपए तक की कटौती'**

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों के वेतन में पिछले 3-4 महीने से लगातार कटौती की जा रही है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को करीब 12 हजार रुपए मासिक वेतन मिलता है, लेकिन इसमें से हर माह करीब 3 से 4 हजार रुपए तक की कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि इतनी कम राशि मिलने से सफाई कर्मचारियों के सामने परिवार का भरण-पोषण करने में आर्थिक परेशानी खड़ी हो रही है। कर्मचारियों ने मांग की कि वेतन में की जा रही कटौती को तत्काल बंद किया जाए और उन्हें सम्मानजनक वेतन दिया जाए।

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद आज मालनपुर में लाल सिंह आर्य का प्रथम नगर आगमन

नवभारत न्यूज

**मालनपुर 24 अगस्त.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य का 25 अगस्त मंगलवार को भिंड जिले में प्रथम नगर

**कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों के साथ करेंगे भव्य स्वागत**

आगमन हो रहा है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और जगह-जगह भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पूर्व मंत्री आर्य के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ता बरेठा टोल प्लाजा, बंटू ढाबा पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद उनका काफिला शर्मा होटल, मालनपुर चौराहा, मनहर होटल सहित कई स्थानों पर रुकेगा, जहां कार्यकर्ता फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन करेंगे। इसके बाद



उनका काफिला भिण्ड के लिए रवाना होगा।इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मेहताब सिंह गुर्जर, मुकेश जाटव जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, मंडल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाहा, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा (पार्षद), रॉकी जैन मंडल उपाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गौड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। अनिल शर्मा, पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मालनपुर ने बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और कार्यकर्ता उत्साह के साथ अपने नेता का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

# लहार नगर में बंदरों का आतंक, कई लोग घायल

नवभारत न्यूज

**लहार 24 अगस्त.** नगर में इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। खासकर वार्ड क्रमांक 09 में बंदरों के झुंड द्वारा लोगों पर

**वार्ड क्रमांक 09 में बंदरों के हमले से दहशत, रहवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था की मांग की**

हमला किए जाने की घटनाएं सामने आने के बाद स्थानीय रहवासियों की चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि बंदरों के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं।

वार्ड क्रमांक 09 में बस स्टैंड के पीछे निवासरत प्रदीप शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि बार्ड में लंबे समय से बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बंदर घरों की छतों, गलियों और आसपास के



इलाकों में घूमते रहते हैं तथा कई बार अचानक लोगों पर हमला कर देते हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों में विशेष रूप से भय बना हुआ है।

वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड में बड़ी संख्या में बच्चे और बुजुर्ग रहते हैं। बंदरों के अचानक हमला करने से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि संबंधित नगर निकाय एवं प्रशासनिक अधिकारी नगर का निरीक्षण कर बंदरों को पकड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

फिलहाल वार्ड क्रमांक 09 के रहवासी बंदरों के आतंक से परेशान हैं और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं और लोगों को बंदरों के आतंक से कब तक राहत मिल पाती है।

# लहार में कांवड़ यात्रा का सफल समापन, बाबा वनखण्डेश्वर महाराज की सवारी पर जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

नवभारत न्यूज

**लहार 24 अगस्त.** सावन के पावन अंतिम सोमवार के अवसर पर आयोजित बाबा वनखण्डेश्वर धाम कांवड़ यात्रा 2026 का आज लहार नगर में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए, श्रद्धालुगण, माताएं-बहनें, युवा एवं नगरवासी शामिल हुए। पूरे नगर में बाबा भोलेनाथ की भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

कांवड़िए सांकुआ धाम से गंगाजल लेकर ग्राम बटपुरा पहुंचे, जहां से बाबा वनखण्डेश्वर महाराज के रथ के साथ कांवड़ यात्रा ने लहार नगर की ओर प्रस्थान किया। इसके पश्चात बाबा वनखण्डेश्वर महाराज की सवारी एवं रथ पूरे लहार नगर में भ्रमण करता हुआ निकला।



यात्रा का ग्राम बटपुरा, ग्राम भरा सहित विभिन्न ग्रामों में भी श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही लहार नगर में अनेक स्थानों पर बाबा की सवारी के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूर्व विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे डॉ. गोविंद सिंह जी के निवास के बाहर भी कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया।

पूरे नगर में निकली बाबा वनखण्डेश्वर महाराज की सवारी के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पुष्पवर्षा, स्वागत एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में नगरवासियों की सहभागिता ने कांवड़ यात्रा को और अधिक भव्य बना दिया।

कांवड़ यात्रा के संयोजक राम मनोज शास्त्री जी (राम शास्त्री) ने यात्रा में शामिल सभी कांवड़ियों, श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों, वरिष्ठजनों, समाजसेवियों, युवाओं, ग्रामवासियों एवं नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सभी को प्रणाम किया। राम मनोज शास्त्री जी ने कहा, 'सावन का महीना बाबा भोलेनाथ का महीना है और हम सभी उनके दास हैं। बाबा वनखण्डेश्वर महाराज की कृपा और सभी श्रद्धालुओं के आशीर्वाद से यह यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। अंत में संयोजक राम मनोज शास्त्री ने आभार व्यक्त किया



# 10 माह से वेतन का इंतजार, रक्षाबंधन से पहले भुगतान की मांग पर छठवें दिन भी धरना जारी

नवभारत न्यूज

**भिंड 24 अगस्त.** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आने के बावजूद पिछले 10 माह से रुके वेतन का भुगतान नहीं होने से कृषि फार्म गोहद के श्रमिकों का धरना मंगलवार को छठवें दिन भी जारी रहा। 19 अगस्त से सहायक संचालक कृषि फार्म गोहद कार्यालय के सामने चल रहे धरने में श्रमिकों ने वेतन भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन जारी

**कृषि फार्म गोहद के श्रमिकों का आंदोलन तेज, सीटू ने दी चेतावनी-वेतन नहीं मिला तो भोपाल तक होगा आंदोलन**

रखने का ऐलान किया है।

धरना स्थल पर श्रमिकों के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे सीटू के राज्य उपाध्यक्ष कामरेड रामविलास गोस्वामी ने कहा कि वेतन अधिनियम के तहत श्रमिकों का वेतन आर्थिक संकट की स्थिति में भी दो माह से अधिक नहीं रोका जा सकता, लेकिन कृषि फार्म के श्रमिकों का 10 माह का वेतन लंबित है। उन्होंने कहा कि यदि रक्षाबंधन से पहले श्रमिकों को उनका रुका हुआ वेतन नहीं मिला, तो सीटू आंदोलन को संयुक्त संचालक कृषि, चंबल संभाग मुरैना के कार्यालय से लेकर भोपाल स्थित कृषि मंत्रालय तक ले जाएगा।

**किसान सभा ने भी दिया समर्थन**

आंदोलन को मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को पिछले 10 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इससे बड़ा अत्याचार और क्या हो सकता है कि श्रमिकों से काम लिया जाए, लेकिन उन्हें समय पर मेहनताना न दिया जाए। धरना स्थल पर भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर, दैनिक वेतन भोगी कार्यभारित कर्मचारी एकता यूनियन सीटू के जिला अध्यक्ष उदय सिंह श्रीवास, खेत मजदूर यूनियन के जिला संयोजक नरेंद्र सिंह सैंगर, प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रमिक एवं समर्थक मौजूद रहे।

# हादसों का हवाला देकर संत बोले-'कब तक अपनों को खोते रहेंगे' सिंधिया ने कहा- दो से तीन महीने में काम शुरू कराने का प्रयास

नवभारत न्यूज

**भिंड 24 अगस्त.** भिंड-ग्वालियर हाईवे को सिक्स लेन बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे संत समाज, पूर्व सैनिक एवं समाजसेवियों ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर हाईवे के निर्माण कार्य को लेकर किए गए वादे की याद दिलाई। प्रतिनिधिमंडल ने हाल के लगातार सड़क

**भिंड-ग्वालियर हाईवे को सिक्स लेन बनाने की मांग पर सिंधिया से मिले संत और पूर्व सैनिक**

हादसों का हवाला देते हुए हाईवे के उन्नयन एवं निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी।

ग्वालियर-भिंड हाईवे सिक्स लेन बनाओ अभियान समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक संत समाज एवं पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिला। इस दौरान भाजपा नेता रमेश दुबे ने संत समाज और केंद्रीय मंत्री के बीच समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुलाकात के दौरान संत कालीदास महाराज ने हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एक-एक हादसे में कई लोगों की जान जा रही है और यह त्रासदी एवं पीड़ा असहनीय होती जा रही है। संत कालीदास महाराज ने कहा कि करीब 14 महीने पहले भी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर हाईवे को लेकर मांग रखी गई थी, लेकिन अब तक अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर कब तक लोग हादसों में अपने परिजनों को खोते रहेंगे।



**महंत रामदास बोले-'श्रीमंत दिल दुखी हैं, कुछ करिए'**

दंदरौआ धाम के महंत रामदास जी महाराज ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि हाईवे पर लगातार हो रही जनहानि को देखते हुए अब ठोस पहल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हादसों से आमजन में भय और पीड़ा का माहौल है।

**सिंधिया बोले-'हृदय में पीड़ा है, एक बार और भरोसा करिए'**

प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संतों से हाथ जोड़कर कहा कि हाईवे की स्थिति को लेकर उनके हृदय में भी पीड़ा है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से एक बार और भरोसा करने का आग्रह करते हुए कहा कि दो से तीन महीने में काम शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। सिंधिया ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से संपर्क में हैं और हाईवे के काम को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास जारी हैं।

**हादसे के बाद अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने पर उठाए सवाल**

मुलाकात के दौरान समाजसेवियों एवं प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में हुए भीषण हादसे का उल्लेख करते हुए भिंड कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की भूमिका पर भी सवाल उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हादसे में नौ लोगों की मौत के बाद भी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजगी है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हाईवे की समस्या केवल सड़क निर्माण का विषय नहीं, बल्कि जन सुरक्षा और मानव जीवन से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। इसलिए निर्माण कार्य को अब और लंबित नहीं किया जाना चाहिए।

**ये रहे प्रतिनिधिमंडल में शामिल**

केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करने वालों में दंदरौआ धाम के महंत रामदास जी महाराज, संत कालीदास जी महाराज, संत हरिनिवास अवधूत जी महाराज, संत पायलट बाबा उर्फ दूधी महाराज, त्रिमूर्ति धाम के पीठाधीश्वर डॉ. शिवप्रताप जी महाराज, संत रामेश्वर दास, संत हरिओमानंद, भाजपा नेता रमेश दुबे, महेश करारिया फौजी, इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन सैनिक संगठन के प्रदेश कमेटी सदस्य एवं गोहद अध्यक्ष, सूबेदार मेजर राम अवतार सिंह परमार, अध्यक्ष ग्वालियर वीर सैनिक कल्याण संगठन, चौधरी सुरेंद्र शर्मा फौजी, समाजसेवी रक्षपाल सिंह राजावत, हिरेंद्र प्रताप सिंह नरवरिया पुर, प्रमोद राजावत, अरविंद सिंह दतावली, अश्वनी तिवारी, देवेश शर्मा, अमन कटारे एवं गौरव तोमर सहित अन्य लोग शामिल रहे।



# मोबाइल कोर्ट ने 100 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई, 1.31 लाख का जुर्माना

नवभारत न्यूज

**भिंड 24 अगस्त.** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर सोमवार को मेहगांव न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिलीप कुमार दुबे के नेतृत्व में पुलिस थाना गोरमी क्षेत्र के कचनाव तिराहा पर मोबाइल कोर्ट लगाकर मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान चार पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म, सीट बेल्ट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा पॉलिसी सहित स्कूल बसों की विशेष जांच की गई।

वाहन चेकिंग के दौरान जिन चार पहिया वाहनों पर अवैध रूप से काली फिल्म लगी मिली, उसे मौके पर ही हटवाया गया। इसके साथ ही वाहनों के दस्तावेज और यातायात नियमों के पालन की जांच की गई।

**दो स्कूल बसों पर कार्रवाई-** चेकिंग अभियान के दौरान दो स्कूल बसों के परमिट की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं बस क्रमांक एमपी-30 पी 0425 को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक वाहन लेकर मौके से भागने लगा। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर बस को पकड़ लिया और उसके विरुद्ध मौके पर ही नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई।

मोबाइल कोर्ट एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुल 100 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन संबंधी चालानी कार्रवाई की गई। इन मामलों में करीब 1 लाख 31 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

**पुलिस और न्यायिक कर्मचारियों की रही भूमिका**

वाहन चेकिंग अभियान में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिलीप कुमार दुबे, थाना प्रभारी आशुतोष शर्मा, उपनिरीक्षक सुरेश मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं न्यायिक कर्मचारियों में आदित्य राजौरिया, जितेन्द्र जाटव, अवनीश तोमर, आशिक शाक्य, प्रभात ओझा, पंकज श्रीवास, रामसिंह बघेल एवं पुष्पेन्द्र गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।